गुरुग्राम में कॉन्फ्रेंस के दौरान केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री ने विभिन्न देशों से की अपील

साइबर अपराध पर साझा प्रहार हो : वैष्णव

भारत में जी-20 सम्मेलन

नई दिल्ली, विशेष संवाददाता। केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बढ़ते साइबर अपराधों के मद्देनजर देशों के बीच साझा समाधान रणनीति बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि दुनिया में अगर कहीं साइबर हमला होता है तो ऐसा समाधान तलाशा जाना चाहिए जो 'कॉमन फॉर ऑल' यानि सबके लिए हो। उन्होंने साइबर चुनौतियों पर दो दिवसीय कॉन्फ्रेंस के शुक्रवार को समापन पर यह बात कही।

हरियाणा के गुरुग्राम में एनएफटी, एआई और मेटावर्स के युग में अपराध और सुरक्षा थीम पर जी-20 सम्मेलन के समापन पर वैष्णव ने कहा कि आने वाले दिनों में एआई जैसी तकनीक से जटिलता बढ़ने वाली है। हर दिन नई तकनीक उभरकर सामने आती है। उन्होंने इस दिशा में विचार-विमर्श का हवाला देते हुए कहा कि अभी एआई बेसिक रिसर्च करने में भले ही सक्षम न हो लेकिन भविष्य में इस तकनीक से वैसा रिसर्च संभव होगा जो दुनिया के सबसे प्रखर दिमाग कर सकते हैं।

समान संस्था और टूल की वकालत: वैष्णव ने उभरती तकनीक के मद्देनजर कई स्तर पर रणनीति बनाने को कहा। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्तर, संगठन के स्तर और निजी स्तर पर रणनीति बनाई जानी चाहिए, जिससे भविष्य की चुनौतियों से निपटा जा सके। केंद्रीय मंत्री ने दुनिया के देशों के बीच सूचना सहयोग के साथ साइबर सुरक्षा के लिए समान संस्थाएं बनाने और ऐसे टूल विकसित करने को कहा, जो सभी देशों के काम आ सकें। वैष्णव ने बताया कि साइबर फ्रॉड के लिए बनाए गए लाखों की संख्या में खातों को संबंधित मंत्रालयों के सहयोग से बंद कराया गया।

डिजिटल खाई पाटने की कवायद: वैष्णव ने कहा कि देश में डिजिटल खाई को पाटने के लिए बड़े स्तर पर कवायद हो रही है। बड़े शहरों से लेकर गिफ्ट इलाकों तक बेहतर इंटरनेट कनेक्टिविटी पहुंचाने पर लगातार काम हो रहा है।

साइबर स्पेस को सुरक्षित करने की रणनीति बनाई

जी-20 सम्मेलन में प्रतिनिधियों द्वारा साइबर अपराध से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए व्यापक विचार-विमर्श किया गया। सदस्यों ने इंटरनेट गवर्नेंस, डीपीआई सुरक्षित करने, मेटावर्स और डिजिटल स्वामित्व पर चर्चा के साथ साइबर अपराधों के खतरे से निपटने और साइबर स्पेस को सुरक्षित करने की रणनीतियों को साझा किया। कृत्रिम बुद्धिमत्ता, क्रिप्टो करेंसी, डार्क नेट और आईसीटी के आपराधिक उपयोग की चुनौतियों पर भी रणनीतिक चर्चा हुई और देशों के साथ मिलकर काम करने पर सहमति बनी। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, साइबर सुरक्षा, डार्क नेट, क्रिप्टो करेंसी, मनी लॉन्ड्रिंग, बात शोषण और सूचना साझाकरण पर भी विशेषज्ञों के इनपुट और चुनौतियों पर चर्चा की गई।

भारत चुनौतियों से निपटने के लिए तैयार : अजय मिश्र

केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र ने कहा कि भारत सभी तरह की चुनौतियों से निपटने के लिए तैयार है। उन्होंने एआई का अपराध की जांच और विश्लेषण में बेहतर उपयोग का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि हमें सीमा से परे उभर रही चुनौतियों पर सतर्कता से काम करने की जरूरत है। इन चुनौतियों पर ध्यान नहीं दिया गया तो खतरा बढ़ता जाएगा।

सोसाइटी में 18वीं मंजिल से गिरकर छात्र की जान गई

ग्रेटर नोएडा। ग्रेनो वेस्ट की एस डिवाइनो सोसाइटी में गुरुवार की शाम 18वीं मंजिल के एक फ्लैट की बालकनी से सातवीं कक्षा का छात्र नीचे गिर गया। घायल छात्र को अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसको मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

बिसरख कोतवाली पुलिस के मुताबिक सोसाइटी में मनीष कुमार गिरी परिवार के साथ रहते हैं। वह एक कंपनी में इंजीनियर है, जबकि उनकी पत्नी सपना डॉक्टर है। मनीष का 12 वर्षीय बेटा विराट कक्षा सातवीं का छात्र था। गुरुवार की शाम मनीष किसी काम से बाहर गए थे, उनकी पत्नी सोसाइटी में नीचे घूम रही थी। उनका बेटा विराट बालकनी में खड़ा था। अचानक वह जमीन पर आ गिरा। पुलिस विराट के बालकनी से गिरने की जांच कर रही है। सोसाइटी में लगे सीसीटीवी की फुटेज देखी जा रही है।

बैंक धोखाधड़ी के आरोपी को सीबीआई ने दबोचा

- गाजियाबाद की अदालत में पेश किया जाएगा
- आरोपी को छह साल पहले दोषी ठहराया गया था

नई दिल्ली/गाजियाबाद, विशेष संवाददाता। सीबीआई ने बैंक धोखाधड़ी के मामले में कथित रूप से संलिप्त निजी फर्म के फरार आरोपी तत्कालीन निदेशक को शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया।

फरार आरोपी के बारे में हाल की सूचना के आधार पर सीबीआई ने उसका पता लगाने के प्रयास तेज कर दिए थे, जिसमें उसके पते और स्थान की पुष्टि करना, उसकी गतिविधियों का पता लगाना शामिल था। उसे गाजियाबाद के विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में पेश किया जाएगा।

इससे पूर्व, सीबीआई ने पंजाब नेशनल बैंक की शिकायत के आधार पर निजी कंपनी, उसके निदेशकों एवं पीएनबी के अज्ञात कर्मियों के विरुद्ध 23 मार्च 2015 को मामला दर्ज किया।

जांच के आधार पर सीबीआई मामलों के विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट, गाजियाबाद की अदालत में आरोप पत्र दायर किया गया था। उधारकर्ता कंपनी मैसर्स आर.वी. केंट्रोल्स प्रा. लिमिटेड एवं इसकी निदेशक कांता शर्मा को न्यायालय के निर्णय में 21 दिसंबर 2017 को दोषी ठहराया गया था। आरोपी निदेशक फरार था।

AMITY INDIAN MILITARY COLLEGE FOR WOMEN
2023-24 SESSION ADMISSIONS OPEN
CAREER DEGREES FOR GIRL STUDENTS WHILE PREPARING THEM FOR A CAREER IN THE ARMED FORCES

B.A. (GENERAL) • B.Sc. (GENERAL)

- Curriculum includes History, Political Science, Geography, Economics, Physics, Chemistry, Biology, Mathematics & Environmental Science
- Simultaneous preparation for competitive written exams like Combined Defence Services Exam (CDSE) and Air Force Common Admission Test (AFCAT)
- Focus on preparation of Armed Forces' Psychological & Screening Tests and Personal Interview
- Emphasis on enhancement of leadership & team work skills and physical fitness through sports, outdoor activity based modules & adventure activities

To apply, visit www.amity.edu
Amity University, Sec. 125, Noida I Tel.: 0120-2445252/4713600

नूंह के अरावली इलाके में तेंदुए के दो बच्चे मिले



नूंह के कोटला गांव में पशुपालक को गुरुवार शाम को तेंदुए के दो बच्चे मिले। वन विभाग की टीम ने शुक्रवार को दोनों को अपने कब्जे में ले लिया। ● वीडियो ग्रैब

नूंह, कार्यालय संवाददाता। हरियाणा के नूंह जिले के अरावली के कोटला गांव में बकरी पालकों को तेंदुए के दो बच्चे मिले हैं। इसकी सूचना मिलते ही शुक्रवार को वन्य जीव जंतु विभाग और पुलिस की टीम ने गांव पहुंचकर दोनों बच्चों को अपने कब्जे में ले लिया। दोनों को अरावली के जंगलों में छोड़ा जाएगा।

वन्य जीव जंतु विभाग के निरीक्षक राजेश चहल ने बताया कि एक नर और दूसरा मादा है। बकरी पालक साहून और सहरून ने बताया कि वे अपनी बकरियों को चराने के लिए अरावली पर्वत में रोजाना की तरह गए थे। गुरुवार शाम को उन्हें तेंदुए के दो बच्चे मिले, लेकिन उन्हें वह नहीं मालूम था कि वह किस जानवर के बच्चे हैं। इसलिए, दोनों पशुपालक उन्हें अपने साथ घर लेकर आ गए। बुजुर्गों ने बताया कि यह तेंदुआ के बच्चे हैं। दोनों को बड़े प्यार से रखा और अपनी बकरियों का दूध पिलाया, ताकि वह भूखे ना रहे। इसी बीच जैसे ही ग्रामीणों को इसकी जानकारी मिली, उसे देखने के लिए भीड़ लग गई।

युवती का निकाह कराने वाला मौलवी गिरफ्तार

धर्मांतरण मामला

■ योगेन्द्र सागर

गाजियाबाद। धर्मांतरण कराकर जिहादी बनाने वाले गिरोह का खुलासा कर डॉक्टर और इंजीनियर समेत तीन लोगों को जेल भेजने के बाद खोड़ा पुलिस ने अब दिल्ली की मस्जिद के मौलवी को भी गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक इसी मौलवी ने पहले से शादीशुदा राहिल का निकाह खोड़ा की हिंदू लड़की से कराया था।

पुलिस की जांच में सामने आया था कि अब्दुल्ला अहमद ने धर्म परिवर्तन कराने के बाद राहुल अग्रवाल को राहिल बनाया और फिर अपनी साली इकरा से उसका निकाह कराया था। इसके बाद राहिल ने खोड़ा की युवती को प्रेमजाल में फंसाकर उसका धर्मांतरण कराया और अप्रैल माह में उससे वर्चुअल निकाह भी किया। दोनों का निकाह संगम विहार स्थित मस्जिद के मौलवी शाहदमन ने कराया था।

पुलिस की जांच में निकाह को अवैध पाया गया

पुलिस की जांच में सामने आया है कि मौलवी शाहदमन को पता था कि राहिल ने धर्म परिवर्तन किया है और उसका पहले से निकाह हो चुका है। इसके बावजूद उसने खोड़ी की युवती से उसका वर्चुअल निकाह कराया। पुलिस का कहना है कि युवती के धर्मांतरण का कोई लिखित दस्तावेज या शपथ-पत्र नहीं था। ऐसे में युवती का धर्मांतरण अवैध है।

66 धर्मांतरण के आरोपी राहिल और खोड़ा की युवती का ऑनलाइन निकाह कराने वाले दिल्ली के मौलवी को गिरफ्तार किया गया है। मस्जिद की इंतजामिया कमेटी ने भी मौलवी के इस कार्य को नियम विरुद्ध बताया है। साक्ष्य जुटाकर कुछ अन्य लोगों को भी गिरफ्तार किया जाएगा।

–विवेक यादव, डीसीपी ट्रांस हिंडन

सोशल मीडिया पर सक्रिय हुई सीमा

पबजी वाला प्यार

- पाकिस्तानी महिला ने इंस्टा पर वीडियो डाला
- फॉलोअर्स की संख्या लगातार बढ़ रही

रबूपरा, संवाददाता। पाकिस्तानी महिला सीमा ने पिछले दो दिनों से मीडिया से बेशक दूरी बना रखी है, लेकिन वह सोशल मीडिया पर पूरी तरह सक्रिय है। सीमा अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर लगातार वीडियो डाल रही है। इनमें वह सचिन व अपने बच्चों के साथ दिखाई दे रही है। शुक्रवार को भी सीमा ने कई वीडियो अपलोड किए। वीडियो देखकर ऐसा नहीं लग रहा है जैसे सीमा को कोई स्वास्थ्य समस्या कोई परेशानी हो।

पाकिस्तानी की कोई चाल काम नहीं आने वाली : सीमा ने शुक्रवार को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो डाला, जिसमें उसने कहा कि यह वीडियो स्पेशल रूप से पाकिस्तानियों के लिए है। पाकिस्तान के लोग चाहें कितनी ही चालें चल लें, जितने भी इल्जाम लगाने हैं, लगा लें। जैसे ही भारत की जांच एजेंसियां उसे क्लीन चिट दे देंगी, वह अपने पति सचिन के साथ भारत में ही रहेंगी। उधर पांच दिन पहले तक सीमा के इंस्टाग्राम अकाउंट पर चंद फॉलोअर्स थे। शुक्रवार शाम तक सीमा के फॉलोअर्स की संख्या 15 हजार से अधिक थी जोकि लगातार बढ़ रही है।

अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी धरे

गुरुग्राम। सीएम फ्लाइंग और डीएलएफ फेज-तीन थाना पुलिस संयुक्त कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से रह रहे तीन बांग्लादेशी रूबान बाबू हुसैन, आमीन हुसैन और अरको हुसैन को गिरफ्तार किया है।

आरोपियों ने बताया कि भारत आने के बाद फर्जी दस्तावेजों के आधार पर आधार कार्ड, बैंक खाता, मोबाइल सिम, ड्राइविंग लाइसेंस भी बनवाया हुआ है। वे खुद को भारतीय नागरिक बताते थे।

आयुर्वेदिक दवाओं के 15 सैंपल फेल, बिक्री पर रोक

गाजियाबाद। आयुर्वेद के नौ कंपनियों की 15 दवाएं जांच में फेल पाई गईं। इन कंपनियों को नोटिस जारी कर दवाओं के उत्पादन और बिक्री पर रोक लगा दी गई है। मार्केट से दवाएं वापस मंगवाने के निर्देश दिए गए हैं। इनमें अधिकतर दवाएं रोग प्रतिरोधक, स्वास्थ्य वर्धक और सेक्स संबंधी हैं। आयुर्वेद विभाग ने पिछले एक सप्ताह में नौ दवाइयों के सैंपल लेकर जांच के लिए लखनऊ भेजे हैं।

क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. अशोक राणा ने बताया कि आयुर्वेदिक दवाओं की मांग बढ़ने के साथ गड़बड़ी की शिकायतें भी मिल रही हैं। पूर्व में जांच के लिए भेजे गए 15 दवाओं के सैंपल फेल पाए गए। विभाग ने फेल सैंपल के बैच को नष्ट कर कंपनियों को नोटिस जारी किया। इन दवाओं की बिक्री और सप्लाई पर भी रोक लगा दी है। जिन दवाओं के सैंपल लिए गए हैं, उनमें आरएसजी हर्बल फरीदाबाद निर्मित ओबेरिल्म कैप्सूल, संजय फार्मा, हाथरस निर्मित मुसली पाक, हेल्थ केयर, अमरीहा निर्मित शान ए मर्द पाउडर, दरब रेमीडीज आदि शामिल हैं।

सुपरटेक के चेयरमैन की याचिका पर 18 को सुनवाई

नोएडा। सुपरटेक ग्रुप के चेयरमैन आरके अरोड़ा ने जमानत के लिए न्यायालय में अर्जी लगा दी है। उनकी जमानत अर्जी पर 18 जुलाई को न्यायालय में सुनवायी होनी है और इसी दिन ईडी भी न्यायालय में अपनी रिपोर्ट देकर बताएगा कि उन्होंने आरके अरोड़ा की गिरफ्तारी किस आधार पर की और उनके खिलाफ क्या आरोप और साक्ष्य हैं।

सुपरटेक ग्रुप के चेयरमैन आरके अरोड़ा को ईडी ने 27 जून को गिरफ्तार किया था। जिसके बाद वह अब तिहाड़ जेल में हैं। आरके अरोड़ा की गिरफ्तारी को रियल स्टेट सेक्टर के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है। अरोड़ा के अधिवक्ताओं की ओर से न्यायालय में अर्जी देकर सवाल किए गए थे कि ईडी ने आरके अरोड़ा को किन आरोपों के तहत गिरफ्तार किया है और उनके खिलाफ क्या साक्ष्य हैं। इसकी रिपोर्ट दी जाए। जिस रिपोर्ट पर पहले गुरुवार को सुनवाई होनी थी, लेकिन ईडी ने रिपोर्ट नहीं दी इस मामले में सुनवाई के लिए 18 जुलाई की तिथि तय की गई है।

पावरग्रिड POWERGRID
शेयरधारकों के लिए नोटिस
विषय: कंपनी के इक्विटी शेयरों का निष्धारकर्ता शिक्षा और संरक्षण निधि (आईईपीएफ) प्राधिकरण में हस्तांतरण।
यह सूचना, समय-समय पर यथा संशोधित, निष्धारकर्ता शिक्षा और संरक्षण निधि प्राधिकरण (लेखा, संपरीक्षा, अंतरण और प्रतिदाय) नियम, 2016 ('नियम') के प्रावधानों के अनुसरण में प्रकाशित की जाती है ।
नियमों में अन्य मामलों के मध्य, ऐसे सभी शेयरों का जिनके संबंध में लगातार सात वर्षों या अधिक समय के लिए लाभांश का दावा नहीं किया गया है, निष्धारकर्ता शिक्षा और संरक्षण निधि (आईईपीएफ) प्राधिकरण के नाम में हस्तांतरण करने के लिए प्रावधान किया गया है ।
नियमों में निर्धारित विभिन्न आवश्यकताओं का पालन करते हुए, कंपनी ने अब तक ऐसे सभी शेयरों को, जिनके संबंध में वित्तीय वर्ष 2015–16 (अंतरिम) अथवा इससे पहले के लगातार सात वर्षों या अधिक की अवधि के लिए लाभांश का दावा नहीं किया गया था, संबंधित वित्तवर्ष तिथियों को, आईईपीएफ प्राधिकरण में हस्तांतरित कर दिया है। कंपनी ने अब, दिनांक 10.07.2023 के अपने पत्र द्वारा संबंधित शेयरधारकों को जिनके शेयर नवम्बर, 2023 में आईईपीएफ प्राधिकरण को हस्तांतरित किये जाने की संभावना है, उचित कार्यवाई किए जाने तथा आईईपीएफ खाते में क्रेडिट किए जाने से पहले अदावाकृत लाभांश राशि का दावा करने के लिए अपेक्षित दस्तावेज प्रस्तुत करने के संबंध में व्यक्तिगत सूचित कर दिया है । शेयरधारकों से अनुरोध है कि वे 14.10.2023 को या इससे पहले अदावाकृत लाभांश राशि का दावा करने के लिए उक्त पत्र में यथा वर्णित अपेक्षित दस्तावेज कंपनी के रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफर एजेंट को अविलंब कर दें । ऐसे शेयरधारकों की सूची, जिनके शेयर आईईपीएफ खाते में हस्तांतरित किये जाने हैं, कंपनी की वेबसाइट http://www.powergrid.in/details-shareholders पर प्रदर्शित की गई है ।
यदि कंपनी को संबंधित शेयरधारकों से 14.10.2023 तक कोई सूचना प्राप्त नहीं होती है, तो कंपनी नियमों में निर्धारित आवश्यकताओं को अनुपालना करते हुए उक्त नियमों की अपेक्षा के अनुरूप आगे बगैर कोई सूचना के अग्रदाय लाभांश और संबंधित शेयरों को आईईपीएफ खाते में हस्तांतरण कर देगी । कृपया ध्यान दें कि इस तरह हस्तांतरण होने पर, शेयरधारक हस्तांतरित शेयरों और लाभांश का दावा आईईपीएफ से www.iepf.gov.in पर उपलब्ध नियमों के अनुरूप कर सकते हैं ।
सेबी (सूचीबद्धता बाध्यताएं और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम, 2015 के विनियम 40 (1) के अनुसरण में, प्रतिभूतियों के हस्तांतरण के लिए अनुरोधों को तब तक प्रोसेस नहीं किया जाएगा जब तक कि प्रतिभूतिया डिपॉजिटरी के पास डीमैटीरियलाइज्ड स्वरूप में नहीं हैं। अतः शेयरधारकों से अनुरोध है कि वे अपनी भौतिक धारिता को डीमटेरियलाइज्ड कर लें । उन शेयरधारकों को जिनके फोलियो में उनके पैन और बैंक खाते के पूर्ण विवरण नहीं हैं, अथवा पूर्व में उपलब्ध कराए गए बैंक खाता विवरणों में कोई परिवर्तन है, तो उन्हें उन विवरणों को अनिवार्य रूप से आरटीए / कंपनी के पास पंजीकरण/अद्यतन करने के लिए प्रेषित करना होगा । इस मामले में किसी भी सूचना / स्पष्टीकरण के लिए, संबंधित शेयरधारक कंपनी को investors@powergrid.in पर लिख सकते हैं अथवा कंपनी के रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफर एजेंट्स मैसर्स कॉफिन टेक्नोलॉजिस लि. युनिट: पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड, सेलेनियम बिल्डिंग, प्लॉट नं. 31–32, फाइनेंशियल डिस्ट्रिक्ट, नानकरामगुडा, हैदराबाद – 500032 से संपर्क करें।
कृते पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड
हस्ता / –
दिनांक: 13.07.2023 मृणाल श्रीवास्तव
स्थान: नई दिल्ली कंपनी सचिव
पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम)
कॉर्पोरेट कार्यालय: सौदामिनी, प्लॉट नंबर-2, सेक्टर-29, गुरुग्राम, हरियाणा-122001, फोन नंबर 0124-2820000, 2820000
पंजीकृत कार्यालय: बी-9, कुतुब संस्थागत क्षेत्र, कटवारिया सराय, नई दिल्ली-110016 फोन नंबर: 011-26560112
वेबसाइट: www.powergrid.in, ईमेल आईडी: investors@powergrid.in, सीआईएन: L40101DL1989GOI038121
एक महारत्न पीएसयू

भारत सरकार
मंत्रीमंडल सचिवालय
निम्नांकितानुसार प्रतिनियुक्ति पर पदों हेतु पात्र उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं:-

1.	निदेशक (मिनिस्ट्रियल) (01 पद)	पे मैट्रिक्स का लेवल-13 (रु.1,23,100 से 2,15,900/-)

टिप्पणी:
i. पदों की संख्या में परिवर्तन किया जा सकता है।
ii. उक्त पदों के लिए मूल वेतन पर 20 प्रतिशत विशेष भत्ता भी देय होगा।
iii. अन्य विवरण हेतु, कृपया रोजगार समाचार दिनांक 15.07.2023 देखें।
सीबीसी 58101/11/0007/2324

भारतीय अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण
INLAND WATERWAYS AUTHORITY OF INDIA
(पत्तन, पोत एवं जलमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार)
ए-13, सेक्टर-1, नोएडा-201301, फोन: 0120-2474050, 2544036
रोजगार सूचना संख्या IWAI–12013(11)/1/2022–प्रशासन दिनांक 14.07.2023
आईडब्ल्यूएआई केंद्र / राज्य सरकार, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, वैधानिक या स्वायत्त निकायों के सरकारी कार्यालयों में काम करने वाले भारतीय नागरिकों से प्रतिनियुक्ति के आधार पर व्यक्तिगत सहायक के एक रिक्त पद को भरने के लिए आवेदन आमंत्रित करता है, जिसकी पोस्टिंग प्रारम्भ में 03 वर्ष के लिए ईडब्ल्यूएआई नोएडा में होगी।
आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि रोजगार समाचार में इस विज्ञापन के प्रकाशन की तारीख से 45 दिन है। आवेदन उचित माध्यम से निर्धारित प्रोफार्मा में सक्षमक सचिव (प्रशासन एवं स्थापना), आईडब्ल्यूएआई, ए–13, सेक्टर–1, नोएडा–201301 (यूपी) को प्रमाण पत्रों की स्व–सत्यापित प्रतियों के साथ, अंतिम 5 वर्ष का एपीएआर आदि केवल पंजीकृत डाक / स्पीड पोस्ट के माध्यम से सचीवोत किया जाना चाहिए। अधिक जानकारी के लिए, www.iwai.nic.in पर जाएं।
कृते–
सचिव

अन्तर्राष्ट्रीय जनसंख्या विज्ञान संस्थान
(विश्वविद्यालय समतुल्य)
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, गारत सरकार का स्वायत संगठन, भारत सरकार बीकेसी, स्टेशन रोड, देवनार, मुंबई–400088 संपर्क विवरण: टेलीफोन: 91–22–42372428
ईमेल: distanceeducation@iipsindia.ac.in वेबसाइट: www.iipsindia.ac.in
दूरस्थ कार्यक्रम के लिए प्रवेश घोषणा–शैक्षणिक वर्ष 2023–2024
अन्तर्राष्ट्रीय जनसंख्या विज्ञान संस्थान(आईआईपीएस), भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के तहत 1956 में स्थापित एक स्वायत्त संगठन, जुलाई–अगस्त से शुरू होने वाले शैक्षणिक सत्र हेतु जनसंख्या अध्ययन कार्यक्रम (दूरस्थ माध्यम) से एमए में प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित करता है.
ऑफलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि: 30 जुलाई 2023
अधिक जानकारी के लिए कृपया www.iipsindia.ac.in पर देखें।
निदेशक एवं वरिष्ठ प्रोफेसर

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण
TELECOM REGULATORY AUTHORITY OF INDIA
महानगर दूरसंचार भवन, जे. एल. एन. मार्ग (ओल्ड मिंटो रोड)
जाकिर हुसैन कॉलेज के पास, नई दिल्ली-110002
रिक्ति परिपत्र संख्या: 1-07/2023- प्रशासन एवं कार्मिक
विषय: भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (मुख्यालय), नई दिल्ली में प्रतिनियुक्ति की अन्यत्र सेवा शर्तों के आधार पर सलाहकार (वित्तीय एवं आर्थिक विश्लेषण) के पद को भरने के संबंध में।
भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण अपने मुख्यालय, नई दिल्ली में निम्नलिखित पद को अन्यत्र सेवा शर्तों पर प्रतिनियुक्ति आधार पर भरने हेतु आवेदन-पत्र आमंत्रित करता है-

पद का नाम	वेतन बैंड एवं ग्रेड वेतन
सलाहकार (वित्तीय एवं आर्थिक विश्लेषण)	सातवें केन्द्रीय वेतन आयोग के अन्तर्गत वेतन लेवल-14 (रुपये 144200-218200) (पूर्व संशोधित वेतन बैंड-4, रुपये 37400-67000 + ग्रेड वेतन रुपये 10000)

2. आवेदन पत्र जमा करने की अन्तिम तिथि 01 सितम्बर, 2023 है।
3. अन्य विवरण तथा आवेदन-पत्र भारतीय को वेबसाईट www.trai.gov.in से प्राप्त किये जा सकते हैं।
सीबीसी 06202/12/0023/2324

उ0प्र0 लोक सेवा आयोग
विज्ञप्ति
विज्ञापन संख्या-डी-3/ई-1/2023, दिनांक 14.06.2023 द्वारा विभिन्न पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये हैं। इस संबंध में एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि तकनीकी कारणों के दृष्टिगत अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए उक्त आवेदन हेतु पूर्व में निर्धारित तिथियों में परिवर्तन करते हुए निम्नवत् तिथियां निर्धारित की जाती है :-

क्रम सं0	विवरण	पूर्व में निर्धारित तिथि	परिवर्तित तिथि
1	ऑनलाइन आवेदन करने की अन्तिम तिथि	14.07.2023	21.07.2023
2	ऑनलाइन आवेदन समस्त अभिलेखों सहित आयोग में जमा करने की अंतिम तिथि	28.07.2023	04.08.2023

संख्या- 1055/11/ई-1/2022-23 टीओसी0
दिनांक: प्रयागराज: 14 जुलाई, 2023
(अशोक कुमार)
सचिव

भारतीय रिज़र्व बैंक
पर्यवेक्षण विभाग, नई दिल्ली
सार्वजनिक सूचना
सर्व साधारण की सूचना के लिए अधिसूचित किया जाता है कि निम्न तालिका में कंपनी को जमा राशि स्वीकार करने वाली (ए – श्रेणी) गैर – बैंकिंग वित्तीय कंपनी से जमा राशि स्वीकार न करने वाली गैर – बैंकिंग वित्तीय कंपनी (बी- श्रेणी) में संपरिवर्तित कर दिया गया है।

क्रम सं	कंपनी का नाम	भा. रि. बैंक द्वारा निर्गत नया पंजीकरण प्रमाण पत्र सं और दिनांक	कंपनी का पंजीकृत कार्यालय का नाम	संपरिवर्तन की तिथि
1	दि दिल्ली सेफ डिपॉजिट कंपनी लिमिटेड	B-14.03595 जुलाई 07, 2023	86, जनपथ नई दिल्ली – 110001	जून 12, 2023

अतः उपर्युक्त कंपनी भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 45-I (bb) के अनुसार जनता से जमा राशि स्वीकार करने हेतु प्राधिकृत नहीं है।
यह जनहित में जारी किया जा रहा है।
स्थान : नई दिल्ली विवेक कुमार चौधरी
दिनांक : 15 जुलाई, 2023 (उपमहाप्रबंधक)

SHIRT upto 60% off
TROUSER & JEANS
SALE
Formal & Party Wear
Stock Added
MEN & WOMEN
By Economy Sales: 9212758425
ARROW PARK AVENUE ColorPlus SMART CASUALS LOUIS PHILIPPE Levi's
• PUNCHKUIAN ROAD,Garwal Bhawan, (Near Jhandewalan, Gole Chkr.)
• WAZIRPUR A-5, Near Richi Rich Banquet (Opp. Shalimar Bagh)
• JANAKPURI B-1/2, Main Najafgarh Road,Opp. Metro Pillar 543
• NOIDA , Nirula's Sec-2, Near Metro Station, Sec-15, Noida, UP
• LAJPAT NAGAR, 49, Main Ring Road, Adj. Haldi Ram, Near Moolchand Crossing

रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाए
MultipreX
Advanced Formula For
Strong Immunity
कैप्सूल, सिरप, ओरल ड्राप एवं पाउडर

Customer Care 9896134500
प्रतिरक्षा में सुधार, विटामिन और मिनरल की कमी को पूरा कर रोगों से बचाए

हरिद्वार घूमने जा रहे किशोर की नहर में डूबने से मौत

नोएडा/मुजफ्फरनगर। जटवाड़ा गंगनहर में नहाते समय 17 वर्षीय छात्र आलोक की डूबने से मौत हो गई। पांच दोस्त नितिन यादव, मनीष, अजय, सुमित और आलोक नोएडा से हरिद्वार गंगाजल लेने निकले थे।

पांचों रास्ते में नहर पर नहा रहे थे। इसी बीच एक गड्ढे में तीन दोस्त फंस गए। शोर सुनकर ड्यूटी पर तैनात विजय ने किसी तरह दो को बचाया, लेकिन आलोक डूब गया।